आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
कुल पृष्ठ 18 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शनिवार, 31 अगस्त, 2024 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-13, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं, शनिवार, 31 अगस्त, 2024 झुंझुनूं · चिड़ावा · पिलानी · गुढ़ागौड़जी · बुहाना · सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीरी पिलानी में हुआ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

महिला वर्ग में पीटी ऊषा व पुरुष वर्ग में धनराज पिल्लै टीम ने जीती चैंपियन ट्रॉफी

पिलानी. राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों के विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद की स्मृति में हुए आयोजन के समापन समारोह में संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने विजेताओं को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

पुरुष वर्ग में विजेता ट्रॉफी धनराज पिल्लै टीम ने और महिला वर्ग में पीटी ऊषा टीम ने जीती। डॉ. पंचारिया ने विजेता टीमों को बधाई दी। आयोजन के दौरान टेनिस बॉल क्रिकेट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी, बास्केटबॉल, रिले रेस, फुटबॉल खेलों में कुल आठ टीमों के 312 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में पीटी ऊषा टीम और पुरुष वर्ग में धनराज पिल्लै टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ. नीरज ने खेल प्रतियोगिताओं का ब्यौरा दिया। उपाध्यक्ष व प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने भी विजेताओं को बधाई दी। समारोह का संचालन क्लब की संयुक्त सचिव चांदनी दीक्षित ने किया।